St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Answer Worksheet –20)** **Date: 23.11.2020**
Topic: अनुच्छेद लेखन **Class -4**

" क्रिसमस का त्यौहार " विषय पर एक अनुच्छेद लिखो -

संकेत बिंदु :-

- क्रिसमस कब मनाया जाता है
- यह क्यों मनाया जाता है
- क्रिसमस की तैयारियाँ
- त्यौहार का सन्देश

'क्रिसमस का त्यौहार '

क्रिसमस खुशियों का त्यौहार है । इसे संसार में ईसाई लोग बड़ी धूमधाम से मनाते हैं । यह हर साल 25 दिसंबर को प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाते हैं ।

ईसा मसीह का जन्म जेरूसलेम के निकट बेथलेहम नामक स्थान में हुआ था । इनके पिता का नाम जोसेफ और माता का नाम मेरी था । इन्होने स्वयं बहुत कष्ट झेला ,पर पूरे संसार को प्रेम और त्याग का सन्देश दिया ।

क्रिसमस की तैयारियाँ कई दिन पहले से शुरू हो जाती है । बाजार में दुकानें सज जाती है । गिरजाघरों को भी खूब सजाया जाता है । गिरजाघरों में विशेष प्राथनाएँ होती है । लोग क्रिसमस ट्री सजाते है और केक काटकर एक दूसरे को बधाई तथा उपहार देते है । सब नए कपड़े पहनते हैं ।

क्रिसमस हर धर्म के लोग मनाते हैं । ईसामसीह के जीवन से सम्बंधित झाँकियाँ दिखाई जाती हैं ।

यह त्यौहार हमें प्रेम और भाईचारे का सन्देश देता है । यह हमें सिखाता है कि जीवन में संघर्ष करते हुए हमेशा आगे बढ़ना चाहिए ।

Poonam Mehra